# स्वतंत्रता दिवस: पुलिस मुख्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित



नई दिल्ली , (वीअ)। स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 से पहले, विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के बीच सहयोग और समन्वय को मज़बूत करने और आगामी स्वतंत्रता दिवस-2025 समारोह को घटना-मुक्त बनाने की तैयारी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हेतु, दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आज एक अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त, एस.बी.के. सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया/प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। विशेष पुलिस अधीक्षक/परिवहन प्रभाग, विशेष। सेल, एल एंड ओ डिवीजन, अपराध, खुफिया डिवीजन, सुरक्षात्मक सुरक्षा डिवीजन, यातायात डिवीजन, अपराध डिवीजन, संयुक्त सीएसपी/रेंज, सुरक्षा, यातायात, खुफिया और डीसीएसपी/जिला, सुरक्षा, अपराध, आईजीआई, रेलवे और मेट्रो, आदि ने भी बैठक में भाग लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुफिया जानकारी और सीमा जांच, संदिग्ध तत्वों के सत्यापन आदि सहित आतंकवाद विरोधी उपायों को साझा किया। खुले क्षेत्रों से पैराग्लाइडर, ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं की आवाजाही से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। किसी भी संदिग्ध तत्व/वाहन की आवाजाही के बारे में अग्रिम जानकारी पर जोर दिया गया। एनसीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह और अवैध आग्नेयास्त्रों और नशीले पदार्थों की आपूर्ति से संबंधित घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान यातायात प्रतिबंध और सीमाओं पर अनधिकृत घुसपैठ को रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं और अन्य राज्यों के सभी अधिकारियों से अनुरोध किया गया है।

# ऑनलाइन रोजगार के बहाने लोगों को ठगने के आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली उत्तर-पश्चिम ज़िले की साइबर पुलिस ने एक 24 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर घर से काम करने का फर्जी घोटाला चलाने और ऑनलाइन रोज़गार के प्रस्तावों के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर निवासी पार्थ भाटिया नामक आरोपी को मॉडल टाउन निवासी अंशुला शर्मा नामक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें एक फ़र्ज़ी पार्ट-टाइम नौकरी का लालच देकर 15,000 रुपये और उनका एप्पल मैकबुक ठग लिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता से व्हाट्सएप के ज़रिए संपर्क किया और उसे घर से ही नौकरी दिलाने का वादा किया। उसका विश्वास जीतने के बाद, उसने उससे 15,000 रुपये ठसिक्योरिटी डिपॉज़िटठ के रूप में मांगे और नौकरी के लिए अपग्रेड की ज़रूरत बताकर उसे अपना मैकबुक देने के लिए भी मना लिया। गिरफ़्तारी के बाद, अपराध में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फ़ोन बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, पार्थ भाटिया ने जुए की लत को बढ़ाने के लिए इस घोटाले की साजिश रचने की बात स्वीकार की। पुलिस को यह भी पता चला है कि घोटाले में इस्तेमाल किया गया व्हाट्सएप नंबर कई साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों से जुड़ा है। ऐसे ही अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जाँच जारी है।

# महिला सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैनात

फरीदाबाद,(सुनील शर्मा)। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश के अंतर्गत महिला ईआरवी टीम व दुर्गा शक्ति की टीम द्वारा महिला सुरक्षा की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बेहतर प्रयास करते हुए जुलाई माह में रात्रि के समय अपने गंतव्य तक पहुंचने में असमर्थ 32 महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाकर महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर लगातार जागरुकता कार्यक्रम किये जा रहे है। फरीदाबाद पुलिस के महिला थाना की ईआरवी व दुर्गा शक्ति द्वारा रात्रि के समय अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने में असमर्थ ऐसी महिलाओं को ईआरवी व दुर्गा शक्ति के वाहनों द्वारा सहायता प्रदान करते हुए उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस की ईआरवी और दुर्गा शक्ति द्वारा जून माह में 32 महिलाओं को उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फरीदाबाद पुलिस के महिला थाना की ईआरवी व दुर्गा शक्ति टीम को निर्देशित किया हुआ है कि रात्रि के समय अपने-अपने क्षेत्र में सजगता से गस्त करें और असमर्थ महिलाओं, बच्चों को घर तक पहुंचाने में मदद करें ताकि महिला सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सके। जिस पर फरीदाबाद पुलिस के महिला थाना की ईआरवी व दुर्गा शक्ति अपने अपने क्षेत्र में रात्रि के समय गस्त कर रही है।

# पश्चिमी प्रदेश निर्माण को लेकर डीपी यादव के नेतृत्व में बनी रणनीति



नई दिल्ली, (वीअ) । पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा एवं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में डिप्टी स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य पश्चिम प्रदेश के रूप में गठित करने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था, विकास तथा शासन-प्रशासन की मजबूती के लिए एक समग्र रणनीति तय करना था।

यह विचार गोष्ठी राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्री डी. पी. यादव के संरक्षण में आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि एवं वकील समुदाय के लोग मौजूद रहे।

पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा लंबे समय से यह मांग कर रहा है कि उत्तर प्रदेश के 27 जिलों को मिलाकर एक अलग 'पश्चिमी प्रदेश' का निर्माण किया जाए, जिससे इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके और जनता को सुशासन तथा सुविधाएं सुगमता से प्राप्त हों।

# बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

गाजियाबाद, (वीअ)। गाजियाबाद पुलिस ने बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मैरिज ब्यूरो संचालक दंपति समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के पास से दस्तावेज, मोबाइल और सबूत बरामद किए है मामले में पॉक्सो व मानव तस्करी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच जारी है। गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो ऑन-डिमांड बच्चों की चोरी और तस्करी करता था यह गिरोह वेस्ट यूपी, एनसीआर, दिल्ली और अन्य राज्यों में सक्रिय था पुलिस जांच में पता चला कि इसमें अस्पतालों की नर्स और डॉक्टर भी शामिल थे। गैंग बच्चों को अगवा कर उनकी फोटो, उम्र और लिंग की जानकारी व्हाट्सएप पर भेजकर डील करता था।

# नई दिल्ली स्टेशन पर ऑपरेटिंग विभाग दिल्ली मण्डल द्वारा सेफ्टी सेमिनार का सफल आयोजन



नई दिल्ली, (वीअ) । शुक्रवार को 2025 को नई दिल्ली स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 16, वार्ता हाल में ऑपरेटिंग विभाग दिल्ली मण्डल द्वारा एक सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार की अध्यक्षता एसआर डीओएम/ जी / डीएलआईव एसडी/एनडीएलएस ने की। इसमें सभी सेक्शनल टीआईएस डिविजनल सेफ्टी टीआईएस, सेफ्टी/ सीवाईएम/ सेफ्टी पॉइंट्समैन, शन्टिंग स्टाफ व ट्रेन मैनेजर काउंसलर्स ने भाग लिया।

सेमिनार में कॉशन ऑर्डर, स्थिर लोड की सुरक्षा, अलराइट सिग्नल, नॉन इंटरलॉक गेट प्रक्रिया, गियर रिकनेक्शन पर जॉइंट कॉरेस्पोंडेंस टेस्ट/पावर ट्रैफिक ब्लॉक, शटिंग सावधानियां, लाइन क्लियर प्रक्रिया, एसएम डायरी और पीएमई/सेफ्टी कोर्स में देरी जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

प्रमुख पहल में क्यूआर कोड आधारित सेफ्टी पोर्टल, एनुअल सेफ्टी कैलेंडर, इंस्पेक्शन चेकलिस्ट और एंबुश चेक्स शामिल रही। सुरक्षित कार्य संस्कृति, सही प्रक्रियाओं का पालन, धैर्य व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया।

# 60 लाख ज्वेलरी 2 लाख कैश गायब, आरोपी की पहचान

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली के प्रीत विहार इलाके से चोरी का एक मामला सामने आया है। यहां चोर दिनदहाड़े चोरी कर घर से 60 लाख की ज्वेलरी और 2 लाख कैश लेकर मौके से फरार हो गया है। सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान भी कर ली है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, निधि गुप्ता (53) परिवार के साथ प्रीत विहार सी-ब्लॉक में रहती हैं। 30 जुलाई को वह अपने परिवार के साथ लंच करने के लिए सिविल लाइंस गई थीं। लंच करने के बाद शाम के करीब 7 बजे सब सिविल लाइन से घर वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि कमरों के दरवाजे खुले हुए थे सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था।उन्होंने अपनी अलमारी में देखा तो वहां से 600 ग्राम गोल्ड की ज्वेलरी और दो लाख रुपये गायब थे। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सब कुछ बताया। पुलिस ने तुरंत छानबीन शुरू कर दी। छानबीन के दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान की गई।

# नोएडा में सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर सम्भव प्रयास



नोएडा, (वीअ)। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रेस विज्ञप्ति नौएडा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जाता है। नोएडा में प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने एवं सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु नौएडा प्राधिकरण द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम एवं गंदगी न फैलाने के लिए नौएडा में निरंतर अभियान चलाये जाते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण से सम्बन्धित नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड भी अधिरोपित किया जाता है। श्री इंदु प्रकाश सिंह (जन स्वा0) एवं श्री गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा0) के नेतृत्व में नौएडा के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-32 में बेल्जियम फ्राइस एवं चिलागो पिज़्ज़ा फूड कोर्ट सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाए गए।

प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों पर कुल रू0 25,000 (पच्चीस हजार रूपये) का चालान किया गया। इसके उपरान्त सेक्टर-51, क्लौद्निने हॉस्पिटल के पास निरीक्षण किया गया। यहां पर हॉस्पिटल के सामने कुछ सब्जी वाले ठेला लगाया करते है, इनके द्वारा प्रतिदिन शाम को सब्जियों की गंदगी हॉस्पिटल के सामने ही फैला दिया जाता है।

आज यहां पर सफाई अभियान चलाया गया और उक्त ठेलेवालों पर कार्यवाही करते हुए इनके द्वारा ही रोड पर फैलाई गंदगी की सफाई कराई गई।

# मासूम की मौत पर बना सवालों का बोर्ड, क्या न्याय की उम्मीद अब भी बाकी है : देवेन्द्र गौतम

सोनीपत (राजेश आहूजा)। न्याय युद्ध मंच के संयोजक देवेन्द्र गौतम ने मासूम प्रासिता की मौत की जाँच करने बारे बनाए गए मेडिकल बोर्ड पर प्रेसवार्ता के दौरान गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। देवेन्द्र गौतम का कहना है कि सोनीपत के नागरिक अस्पताल और इउघ्ए रोहतक की लापरवाही की वजह से अपनी जान गंवाने वाली मासूम प्रासिता को आज भी न्याय नहीं मिला है। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि जब मासूम बच्ची प्रासिता की जान बचाई जा सकती थी, तब न तो पीकू की सुविधा उपलब्ध थी और न ही समय की पर गंभीरता दिखाई गई। देवेन्द्र गौतम ने बताया कि गत दिवस नागरिक अस्पताल से बच्ची के पिता पवन अहिरवार को फोन पर सूचना दी गई कि मामले में जांच बिठा दी गई है, एक ज़िला मेडिकल बोर्ड गठित कर दिया गया है। जिसमें आपको जाँच में शामिल होना है। इस पर बच्ची के माता-पिता ने उनको बताया है कि वो रक्षाबंधन पर्व के चलते अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश में हैं। इस बारे में मासूम प्रासिता के पिता ने व्हाट्सऐप संदेश और फोन कॉल के माध्यम से मेडिकल बोर्ड को सूचना दे दी है। देवेन्द्र गौतम ने जाँच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हैरानी की बात यह है कि इस जांच का नेतृत्व वही (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) कर रही हैं।

# दुकान पर 60 चाइनीज मांझा मिलने पर एफआईआर

फरीदाबाद,(सुनील शर्मा)। गुप्तचर इकाई एनआईटी फरीदाबाद से सूचना प्राप्त हुई की जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारा रोड पर आईएफएल बैंक के नजदीक इलाका थाना सारन में प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बेचा जा रहा है जबकि चाईनीज मांझा सरकार द्वारा बेचने पर रोक लगाई हुई है। क्योकि चाईनीज मांझा से आये दिन दुर्घटनाए होती रहती है। इस संबध मे संबंधित विभाग के साथ कार्यवाही की जाए तो कई दुकानो पर चाईनीज मांझा मिल सकता है।

# गुड़गांव में 15 फुट गहरा गड्ढा मौत को दे रहा न्यौता

गुड़गांव, (प्राण शर्मा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि संसद में भाषण देते हुए गुरुग्राम में कोई भी समस्या ना होने की बात कहने वाले, संमस्याओं से मुकरने वाले केंद्रीय मंत्री गुरुग्राम में आकर समस्याएं देख जाएं। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर वे बसई रोड पर जरूर आएं, जहां पर धंसी सडक़ लोगों को मौत का न्यौता दे रही है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर शुक्रवार देर शाम लोगों की शिकायत पर बसई रोड स्थित फिरोजगांधी कालोनी के सामने पहुंचे। वहां पर मौजूद कांग्रेस के नेता हरकेश वाल्मीकि, राजीव यादव, जगदीश यादव, श्रीराम, महेंद्र सिंह, मास्टर चमनलाल, अजीत, नरेंद्र सिह, राम, दीपक सिंह समेत अनेक स्थानीय लोगों ने पंकज डावर को मौत का कथित कुआं दिखाया।

# कांग्रेस सेवादल ने निकाली पदयात्रा

सोनीपत (राजेश आहूजा)। कांग्रेस सेवादल सोनीपत द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत के सहयोग से प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट एवं प्रदेश सेवादल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनिता मोन की अगुवाई और पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पदम दहिया, पूर्व प्रत्याशी जय भगवान आन्तिल, पूर्व मेयर प्रत्याशी कमल दीवान की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति मे भारत छोड़ो आन्दोलन की 83 वीं वर्षगांठ पर गांधी चौक से सुभाष चौक तक पदयात्रा निकाली गई। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने कहा कि 1942 मे गांधी जी द्वारा अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन शुरू किया गया था। जिसके कारण भारत मे ब्रिटिश साम्राज्य के पैर उखड़ गए थे।


## रक्षाबंधन त्योहार विशेष रेलगाड़ियाँ

रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रक्षाबंधन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04484/04483 ह. निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – ह. निज़ामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04484 आगमन | गाड़ी सं. 04484 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04483 आगमन | गाड़ी सं. 04483 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | ह. निज़ामुद्दीन | 16:30 | --- |
| 12:30 | --- | मथुरा जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन : 04484 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04483 मथुरा जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, रुँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलाँ, छाता, अझई, वृन्दावन रोड एवं भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04486 ह. निज़ामुद्दीन – जींद एवं 04485 जींद – तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04486 आगमन | गाड़ी सं. 04486 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04485 आगमन | गाड़ी सं. 04485 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:30 | ह. निज़ामुद्दीन | --- | ----- |
| 10:35 | 10:36 | तिलक ब्रिज | 17:40 | --- |
| 13:50 | --- | जींद | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04486 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04485 जींद से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली किशनगंज, विवेकानन्द पुरी हाल्ट, दया बस्ती, शकूर बस्ती, मंगोलपुरी, नांगलोई, मुंडका, घेवरा, बहादुर गढ़, असौदा, रोहद नगर, साँपला, ईस्माइला हरियाणा, खरावड़, अस्थल बोहर जं., रोहतक, समर गोपाल पुर, करैंथी, लखन माजरा, किला ज़फरगढ़, जुलाना, जय जय वन्ती, किनाना एवं बिशनपुरा हरियाणा स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04488 पानीपत – दिल्ली एवं 04487 दिल्ली – अंबाला कैंट जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04488 आगमन | गाड़ी सं. 04488 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04487 आगमन | गाड़ी सं. 04487 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | --- | अंबाला कैंट जं. | 17:30 | --- |
| --- | 10:20 | पानीपत | 15:36 | 15:37 |
| 13:10 | --- | दिल्ली जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04488 पानीपत से तथा 04487 दिल्ली जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड, बाबरपुर, पानीपत, दिवाना, समालखा, भोडवाल माजरी, गन्नौर, राजलू गढ़ी, सांदल कलां, सोनीपत, हरसाना कलां, राठधना, नरेला, होलम्बी कलां, खेड़ा कलां, बादली, आदर्श नगर दिल्ली, दिल्ली आज़ादपुर एवं सब्जी मंडी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04490 अंबाला कैंट जं. – पानीपत अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04490 आगमन | गाड़ी सं. 04490 प्रस्थान |
|---|---|---|
| अंबाला कैंट जं. | --- | 20:10 |
| पानीपत | 22:30 | --- |

चलने के दिन : 04490 अंबाला कैंट से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड एवं बाबरपुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04492/04491 गाज़ियाबाद – अलीगढ़ जं. – गाज़ियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04492 आगमन | गाड़ी सं. 04492 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04491 आगमन | गाड़ी सं. 04491 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | गाज़ियाबाद | 16:00 | --- |
| 13:00 | --- | अलीगढ़ जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04492 गाज़ियाबाद से तथा 04491 अलीगढ़ जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मारीपत, दादरी, बोड़ाकी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, गंगरौल, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., कमालपुर, डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04493/04494 नई दिल्ली – रेवाड़ी – नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04493 आगमन | गाड़ी सं. 04493 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04494 आगमन | गाड़ी सं. 04494 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:20 | नई दिल्ली | 17:00 | --- |
| 12:30 | --- | रेवाड़ी | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04493 नई दिल्ली से तथा 04494 रेवाड़ी से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : दिल्ली छावनी, पालम, बिजवासन, गुड़गाँव, गढ़ी हरसरु जं. एवं पटौदी रोड स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04496/04495 शामली – दिल्ली शाहदरा जं. – शामली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04496 आगमन | गाड़ी सं. 04496 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04495 आगमन | गाड़ी सं. 04495 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:30 | शामली | 14:05 | --- |
| 10:40 | --- | दिल्ली शाहदरा जं. | --- | 11:40 |

चलने के दिन : 04496 शामली से तथा 04495 दिल्ली शाहदरा जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : कांधला, कासिमपुर खेड़ी, बड़ौत, बाग़पत रोड, खेकड़ा, नोली एवं गोकुलपुर सबोली हाल्ट स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः डी–188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020
CIN: L74899DL1986PLC023202
फोनः +91–11–47334100, फैक्सः +91–11–26811676
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए एकल वित्तीय परिणामों का विवरण
(सभी राशि रु. लाख में सिवाय अन्यथा वर्णित)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2024 (लेखापरीक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल राजस्व | 75,624.81 | 74,985.40 | 68,543.17 | 2,83,657.09 |
| 2 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | 10,681.04 | 10,921.71 | 10,193.69 | 41,754.02 |
| 3 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 12,921.96 | 10,921.71 | 10,193.69 | 41,754.02 |
| 4 | कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 9,910.27 | 8,252.48 | 7,631.67 | 31,249.05 |
| 5 | अवधि/वर्ष के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) (कर पश्चात अवधि /वर्ष के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य व्यापक आय शामिल) | 9,901.26 | 8,235.26 | 7,625.40 | 31,213.03 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2/– प्रत्येक) | 574.08 | 574.08 | 574.08 | 574.08 |
| 7 | अर्जन (रु.) प्रति शेयर (रु. 2/– प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | |
| | मूल | 34.53 | 28.75 | 25.73 | 107.97 |
| | तनुकृत | 34.53 | 28.75 | 25.73 | 107.97 |

नोटः
1. उपरोक्त एकल वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और इसके अंतर्गत जारी संगत नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (''एंड एएस'') के गणना एवं मापक सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और यह सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में हैं।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए एकल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। इन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (URL-www.nseindia.com and www.bseindia.com) और कंपनी की उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दिनांकः 8 अगस्त, 2025
स्थानः दिल्ली

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के
निदेशक मंडल की ओर से
प्रबंध निदेशक



## शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः डी–188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020
CIN: L74899DL1986PLC023202
फोनः +91–11–47334100, फैक्सः +91–11–26811676
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण
(सभी राशि रु. लाख में सिवाय अन्यथा वर्णित)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2024 (लेखापरीक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल राजस्व | 75,624.81 | 74,985.40 | 68,543.17 | 2,83,657.09 |
| 2 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | 10,680.70 | 10,920.95 | 10,193.69 | 41,748.96 |
| 3 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर पूर्व, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम के लाभ/(हानि) के शेयर के पूर्व, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 12,921.62 | 10,920.95 | 10,193.69 | 41,748.96 |
| | | 13,005.65 | 11,063.18 | 10,244.80 | 41,996.58 |
| 4 | अवधि/वर्ष के लिए लाभ/(हानि) (कर पूर्व, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम के लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 9,993.96 | 8,393.95 | 7,682.78 | 31,491.61 |
| 5 | कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) | | | | |
| 6 | अवधि/वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य व्यापक आय शामिल) | 9,984.95 | 8,376.73 | 7,676.51 | 31,455.59 |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2/– प्रत्येक) | 574.08 | 574.08 | 574.08 | 574.08 |
| 8 | अर्जन (रु.) प्रति शेयर (रु. 2/– प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नही) | | | | |
| | मूल | 34.82 | 29.24 | 25.90 | 108.80 |
| | तनुकृत | 34.82 | 29.24 | 25.90 | 108.80 |

नोटः
1. उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और इसके अंतर्गत जारी संगत नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (''एंड एएस'') के गणना एवं मापक सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और यह सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में हैं।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल समाप्त अवधि/वर्ष के लिए समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। इन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (URL-www.nseindia.com and www.bseindia.com) और कंपनी की उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दिनांकः 8 अगस्त, 2025
स्थानः दिल्ली

पूर्ण वित्तीय परिणामों के लिए स्कैन करें

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के
निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./–
प्रबंध निदेशक

